तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदगाट



12 भारत माता चौक पर हर 10 मिनट में लग रहा जाम, नागरिक ...



10 हाई सिक्योरिटी नंबर में लिंक हो रहा चालकों का मोबाइल ...





## खबर संक्षेप

### नवरात्रि पर मंदिरों के आसपास मांस व अंडे की बिक्री पर लगे प्रतिबंध



**बेमेतरा।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ (चतुः संप्रदाय) के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कलेक्टर को एक मांग पत्र सौंपा भेजा है। इस ज्ञापन में नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले के मुख्य मंदिरों के आसपास और मंदिर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर मांस और अंडे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नवरात्रि सनातन संस्कृति का एक पवित्र और सात्विक पर्व है, जिसमें जिले के लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन हेतु अपने गांवों और शहरों में मंदिरों में जाते हैं और व्रत-उपवास का पालन करते हैं। ऐसे में मंदिरों के आसपास मांस और अंडे की खुलेआम बिक्री से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है। साथ ही, इससे स्वच्छता एवं सामाजिक सौहार्द्र भी प्रभावित होता है। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा कि हमारा उद्देश्य सामाजिक समरसता और धार्मिक भावनाओं की रक्षा करना है। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की कि नवरात्रि के अवसर पर जिले के सभी मंदिरों के आसपास मांस-अंडे की बिक्री को प्रतिबंधित करने का निर्देश जारी किया जाए।

### नवोदय विद्यालय के लिए उपासना का चयन



**परपोड़ी।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरतरा की छात्रा उपासना जंघेल पिता छत्रपाल जंघेल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि के लिए संस्था के प्रधान पाठक दिलीप कुमार यादव, राम पद्माकर तथा मिडिल स्कूल से प्रभारी प्रधानपाठक एस ठाकुर एस सोनी, देवांगन मैडम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका ने प्रसन्नता जताई है।

### मुंगलाटोला के छात्र नीरज का नवोदय में हुआ चयन



**साजा।** शासकीय प्राथमिक शाला मुंगलाटोला से नीरज ठाकुर का चयन नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। एक साधारण परिवार के बालक नीरज ने यह साबित किया कि सफलता के लिए बस कड़ी मेहनत व लगन की जरूरत होती है। नीरज ठाकुर की सफलता में शाला की प्रधानपाठिका सीमा आडिल और मुकेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने परीक्षा के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया। योजना तिवारी, अजय यादव व संकुल के अन्य शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## जागरूकता : विधायक ने कहा- जनभागीदारी से ही संभव है जल संकट का समाधान

# विधायक ने विद्यार्थियों के साथ अमोरा घाट में निकाली गाद, बनाई नाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी का जल स्तर चिंताजनक रूप से गिर गया है। इससे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहरा गया है। हालात को देखते हुए विधायक दीपेश साहू ने स्वयं मोर्चा संभाला और श्रीराम एकेडमी के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर अमोरा घाट में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान इंकेटवेल तक स्वच्छ पानी के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए गाद निकासी व अस्थायी नाली निर्माण किया गया।

■ शिवनाथ नदी में इंकेटवेल के आसपास श्रमदान कर की गई सफाई

विधायक श्री साहू ने कहा कि जनभागीदारी से ही जल संकट का समाधान संभव है। विधायक साहू ने बताया,"हम सेवक हैं, और जनता की चिंता हमारी पहली प्राथमिकता है। आज हम यहाँ साफ-सफाई के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि सामूहिक प्रयास से ही जल संकट का समाधान संभव है।" आने वाले दिनों मे जल स्त्रोतों की बेहतर सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे, जिससे शिवनाथ नदी का पानी इंकेटवेल तक सुचारू रूप से पहुंच सके और बेमेतरा नगर पालिका सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जब आप लोगों को मालूम था कि शिवनाथ नदी में पानी कम है, तो तत्काल कदम उठाते हुए एनिकेट के गेट बंद कर देना चाहिए था। लेकिन संबंधित अधिकारियों को किसी प्रकार जिलेवासियों के जीवन की चिंता नहीं है। आज हमारी टीम ने यह साबित कर दिखाया है कि सामूहिक प्रयास से ही इस समस्या का समाधान संभव है।" उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर उचित कार्रवाई नहीं करने पर उत्तरदायित्व स्वयं उठाना पड़ेगा।



### छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण का दिया संदेश

छात्र खिलेश यादव ने कहा, "बेमेतरा में जल का अत्यधिक संकट उत्पन्न हो गया है। जल संकट के मद्देनजर हम शिवनाथ नदी के किनारे पहुँचे और इंकेटवेल के पास एक अस्थायी नाली बनाई, जिससे नदी का पानी आसानी से इंकेटवेल तक पहुँचेगा और शहरवासियों को मीठा जल उपलब्ध हो सकेगा। छात्रा पल्ल्वी ठाकुर ,छात्रा वीणु साहू ने बताया कि "बेमेतरा जिले में जल संकट सबसे ज्यादा है। इसी संकट के बचाव के लिए हम आज श्रीराम एकेडमी के छात्र-छात्राएँ अमोरा घाट पहुँचे। यहां से जो इंकेटवेल के माध्यम से शहर में पानी सप्लाई हो रही है, उसकी नाली पूरी तरह से जाम हो गई थी। हमने मिलकर श्रमदान करके अस्थाई नाली निर्माण कर आसपास साफ सफाई की ताकि शहरवासियों को अच्छा, मीठा पानी मिल सके। इस अभियान में छात्र मनीष साहू, खिलेश यादव, टिकेश्वर बंजारे, धारणा साहू, दिव्या साहू, दिव्या लहरी, अंजली शर्मा, रितिका पांडेय, अनिकेत साहू, दिव्या गुप्ता, सूरज पटेल, पदमा साहू, छम्मन सिंह वर्मा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएँ, ग्रामीणजन, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हैंडपंप की मरम्मत, बोरवेल की सफाई कर पंप को और गहराई पर उतारा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के निकटवर्तीय ग्राम आनंदगाँव में गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए ग्राम पंचायत आनंदगाँव ने जल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। वहीं, गांव से जुड़ी पानी की टंकी की सफाई, बोरवेल रिपेयर और बंद पड़े हैंडपंप व मोटरपम्प को चालू करने जैसे कदम उठाए गए। जिससे गांव में पानी की समस्या का समाधान हो सके। बता दें कि बोरवेल रिपेयर नहीं तो गांव की पानी की टंकी जो पिछले एक वर्ष से साफ नहीं हुई थी, उसकी सफाई कराई गई। इसके अलावा बोरवेल में पंप फंसे होने के कारण गहराई तक पानी नहीं मिल पा रहा था।

■ आनंदगाँव में जल संकट से निपटने के लिए ग्राम पंचायत ने उठाए महत्वपूर्ण कदम

उसकी सफाई के बाद पंप को अधिक गहराई में उतारा गया। जिससे गर्मी के मौसम में भी जल आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। वार्ड क्रमांक 10 में 3 साल से बंद पंप चालू हुआ। गर्मी में पानी की बढ़ती समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत आनंदगाँव ने वार्ड क्रमांक 10 में कृष्ण मंदिर के सामने स्थित पिछले तीन वर्षों से बंद पड़े पंप को मरम्मत कर पुनः शुरू किया। इस कार्य में आनंदगाँव के ग्रामवासियों ने भी भरपूर सहयोग दिया। वहीं, शिव मंदिर पठीन तालाब के पास स्थित पंप खराब होने के कारण आनंदगाँव के बड़े हिस्से में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसे ठीक कर अधिक गहराई तक पाइप डाला गया। जिससे आने वाले दिनों में जल आपूर्ति बाधित न हो।



### जरूरत के हिसाब से करें उपयोग, पानी व्यर्थ न बहाएं

ग्राम पंचायत आनंदगाँव ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जल है तो आने वाला कल है। पानी की बचत करें। ग्राम पंचायत आनंदगाँव की तरफ से आह्वान गांव में जल संकट से निपटने के लिए सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। साथ ही दैनिक जरूरत के साथ ही पानी की उपयोग करें, बिना उपयोगी के पानी व्यर्थ न बहाएं। इस अवसर पर ग्रामीण पंचराम यादव, राकेश यादव, खिलानंद साहू, पुरुषोत्तम साहू, बल्लु यादव, चंदु साहू, छत्रपाल महराज, सिन्धु निषाद, ग्राम पंचायत सरपंच आनंदगांव चंदन नायक, अमरसिंह यादव, पंच छगन साहू, तारकेश्वर सिन्हा, घनाराम धीवर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने सीबीआई और भाजपा का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता के कार्यालय एवं निवास पर सीबीआई की छापेमारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए सीबीआई और भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

■ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश व विधायक देवेंद्र सहित कांग्रेस नेताओं के यहां छापेमारी का किया विरोध

इस दौरान गुस्साए कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन करते हुए कांग्रेस नेताओं ने सीबीआई की कारवाई पर कहा कि सीबीआई जैसे संस्थाओं का भाजपा दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को डराना चाहती है, पर कांग्रेसी ऐसी कार्यवाही से डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आक्रमक रवैए से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को बताना चाहिए कि पूर्व मुख्यमंत्री के घर के छापे में क्या दस्तावेज मिले हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधानसभा में सवाल किए जाने पर कार्यवाही की जा रही है। भाजपा की विपक्षी दलों पर इस तरह की कार्यवाही प्रतिशोध की राजनीति है, जिसे जनता देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सुरेन्द्र तिवारी, जिला कांग्रेस महासचिव ललित विश्वकर्मा, अविनाश तिवारी प्रणीश चौबे, टीआर जनार्दन, सनतधर दीवान, विजय बघेल, जितेंद्र उपाध्यय, दिनेश पटेल, मनोज शर्मा, मिथिलेश वर्मा, शशिप्रभा गायकवाड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, योगिता साहू, हेमिन यादव, रूबी सलूजा, राजू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दूसरे के खेत में पहुंचकर काट दिए पेड़ गाड़ी में लोड करते हुए सपड़ाए तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

अंचल में पेड़ों की अवैध कटाई जोरों से चल रही है। तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि किसी के भी खेत में बिना जानकारी के हरे-भरे वृक्षों को काटकर ले जा रहे हैं। इसका एक मामला गुरुवार को थाने भी पहुंचा। ग्राम बगलेडी के किसान राजकुमार पटेल के खेत में तस्कर कौहा के कई पेड़ काटकर गाड़ी में लोड कर चुके थे। इसकी जानकारी मिलने पर कृषक पटेल अपने खेत में पहुंचे जहां उन्हें पेड़ काटकर लकड़ी को गाड़ी में लोड करते तस्कर मिले।

■ ग्राम बगलेड़ी के किसान राजकुमार की शिकायत पर तहसीलदार ने जब्त किया वाहन

किसान राजकुमार ने कहा कि इस बारे में बात करने पर उन्होंने खुले आम पुलिस और राजस्व विभाग पर सेटिंग की बात करते हुए धौंस जमाने लगे। वहीं, इसकी जानकारी पटवारी और तहसीलदार को दी गई, जिसके बाद तहसीलदार ने गाड़ी जब्त कर साजा थाने में खड़ा करवा दिया। समाचार लिखे जाने तक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी। घटना को लेकर मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू व केशव पटेल भी थाने पहुंच गए और कार्रवाई करने के लिए कहा। वहीं, पुलिस जांच के दौरान अवंती चौक पर एक गाड़ी कच्ची लकड़ी पुलिस ने वाहन सहित जब्त कर थाने में खड़ा किया। विडंबना यह है कि वन विभाग द्वारा कोई धरपकड़ नहीं की जाती, जिसके चलते अंचल में हर वर्ष हजारों वृक्ष कट दिए जाते हैं।



# चमकाने के नाम पर तीन लाख के जेवर पार

**भिलाई।** सोना चांदी के जेवरात चमकाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 3(5), 305(ए), 318(4, 332 (सी) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 36 गंजपारा दुर्ग निवासी रीना खंडेलवाल के यहां 25 मार्च की सुबह अज्ञात दो व्यक्ति पहुंचे और महिला को पाउडर से घर का बर्तन साफ कर चमकाने का झांसा दिया। इस दौरान सोना चांदी भी साफ करने की बात कहते हुए व्यक्तियों ने महिला के कीचन तक प्रवेश किया।उसके बाद महिला को सोने का कंगन साफ करने अज्ञात को दिया गया। अज्ञात ने टिफिन डब्बा में जेवरात को रख कर गैस में गर्म किया जा रहा था। जिसमें सोने का चैन, कंगन दोनो मे छोटा छोटा डायमंड लगा हुआ था। अज्ञात ने टिफिन के भीतर हाथ डालकर जेवरातों को घूमाया।टिफिन के ढक्कन को अज्ञात ने बंद कर महिला को देकर बाहर निकला। जब तक दोनों व्यक्ति फरार हो गए थे।



# कांतेली स्टेडियम में सामूहिक विवाह 29 को, कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से 1 किमी दूर स्थित कांतेली स्टेडियम में 29 मार्च को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने गुरुवार को स्थल का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

■ संबंधित अधिकारियों को समय पर सभी कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने विवाह समारोह की सफलता और सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर जोर देते हुए पेयजल, प्रकाश, पार्किंग और सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आम नागरिकों के लिए कार्यक्रम में आने वाले दौरान सुरक्षा और सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने पर बल दिया। श्री शर्मा ने यह भी सुनिश्चित किया कि आयोजन स्थल पर पानी टैंकर, मोबाइल टॉयलेट, सड़क समतलीकरण, ट्रैफिक प्रबंधन, और पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाएं, महिला पुलिस की तैनाती जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सतर्कता बरतें और सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करें, ताकि समारोह सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई, एडीएम प्रकाश और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मौसम विशेषज्ञों ने आने वालों दिनों में तापमान और बढ़ने की आशंका जताई

# मौसम खुलते ही चढ़ा पारा, 39 डिग्री पर पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आसमान पर छाए बादल हटते ही अब दिन में तेज धूप निकलने लगी है और तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। गुरुवार को दिन में अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर में तेज धूप के कारण सड़कों पर चलने वालों की हालत खराब हो गई। शाम 5 बजे के बाद ही गर्मी से कुछ राहत मिली।

पिछले कुछ दिनों से मौसम के तेवर बदले हुए थे। आसमान पर बादल छा रहे थे और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई थी। रात के अलावा दिन में भी लोगों को अधिक गर्मी नहीं लग रही थी। मंगलवार से मौसम खुलना शुरू हुआ, बुधवार को आसमान पर छाए बादल पूरी तरह छंट गए, इसके चलते सुबह से ही तेज धूप निकली। सुबह 11 बजे गर्म हवा चलने लगी, दोपहर दो बजे तक सड़कों पर चलने वालों को गर्म हवाओं का सामना करना पड़ा, गर्मी बढ़ने के चलते सड़कों पर भीड़ कम हो गई।



मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को बेमेतरा का अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है। गर्मी बढ़ते ही लोगों के घरों के पंखे, कूलर और एसी फिर से चालू हो गए हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वालों दिनों में मौसम शुष्क रहने और तापमान तेजी से बढ़ने की संभावना है।

### पानी के लिए मचा हाहाकार

गर्मी शुरू होते ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। जिले के ग्रामीण इलाकों में गर्मी के धान की खेती की जाती है। इसलिए इन दिनों हजारों की संख्या में ट्यूबवेल दिनरात चल रहे हैं। इससे ग्राउंड वाटर लेबल गिरा हुआ है। कई गांवों में हैंडपंप और ट्यूबवेल से पानी की जगह हवा निकल रही है। इसे देखते हुए बांधों से नहरों के अलावा नदी, नालों में पानी छोड़े जाने की मांग की जा रही है।

# बाजार में वैवाहिक खरीदी को लेकर बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

होली त्यौहार मना लेने के बाद अब बाजार में शादी के सामानों की पूछ परख शुरू हो गई है। वैसे तो देव उठनी एकादशी के बाद से ही शादी का सिलसिला शुरू हो गया है। मगर छत्तीसगढ़ एवं पारंपरिक विवाह का सिलसिला अब शुरू हो रहा है। इसे देखते हुए नगर में शादी व्याह के उपयोगी समानों की खरीदी जमकर की जा रही है। अंचल के साप्ताहिक बाजारों में शादियों में उपयोग में आने वाले झांपी टोकनी, पर्रा, सूपा, मऊर, पगड़ी-हार, कलगी-दुकानों में सजा ली गई है। 30-40 वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े नगर के व्यापारियों ने बताया कि, होली जलने के बाद से शादी का सीजन शुरू हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि, पारंपरिक वस्तुओं का यह बाजार ग्रामीण खरीददारों पर ही टिका है। आधुनिकता के चलते इन चीजों की पूछ परख कम हो गई है। लेकिन यह परंपरा ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जीवित है। शादी में उपयोग आने वाले इन सामानों को गोंड़, राऊत, साहू, मरार, कलार जाति के लोगों द्वारा बहुतायत खरीदा जाता है। नगर के लोग आधुनिकता के कारण सिर्फ नेंग पूरा करने के लिए खरीदी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, इन सामानों को हम यहीं खरीदकर बेच देते हैं।

■ विवाह में उपयोगी झांपी, पर्रा, सूपा, मऊर, पगड़ी-हार, कलगी की पूछ परख बढ़ी



**विगत वर्ष की तुलना में बढ़ी कीमत :** गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष विवाह उपयोगी सामानों की कीमत बढ़ गई है। राम नवमी के आसपास इनकी कीमत और अधिक बढ़ने की संभावना है। छत्तीसगढ़िया शादी में उपयोग आने वाले नहडोरी, कलशा, कलौरी की मांग सामान्यतः अप्रैल से जून के बीच अधिक होती है। माना जा रहा है कि रामनवमी में लगन होने के कारण बड़ी संख्या में शादी होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### सदस्यों ने मंत्री को बताई अस्पताल की समस्याएं

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय दुर्ग के कई वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान जीवनदीप समिति के सदस्यों ने अस्पताल की समस्याओं मंत्री का ध्यान आकर्षण कराया गया। इसी तारतम्य में 10 मेडिकल ऑफिसर, 10 वार्ड बॉय, 10 आया एवं ट्रामा सेंटर संचालन की आवश्यकता की जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य विजय ताम्रकार एवं ऋषि यादव द्वारा मंत्री से की गई। जिस पर मंत्री ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य हो कि ट्रामा सेंटर संचालन एवं 10 मेडिकल ऑफिसर की मांग स्वास्थ मंत्री के विगत कई माह पूर्व भी की गई थी।
फोटो कालेज

### प्राध्यापक व शोधार्थी ने दी विनोद शुक्ल को बधाई



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक एवं शोधार्थी हिन्दी के वरिष्ठ कवि कथाकार उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल से मुलाकात करने शैलेन्द्र नगर रायपुर स्थित उनके आवास पहुंचे। यह भेंट मुलाकात विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने की घोषणा के पश्चात बधाई के रूप में रहा । विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने की घोषणा से राजनांदगाँव रायपुर सहित पूरा छत्तीसगढ़ और देश की हिन्दी बिरादरी गौरवान्वित है । पुरस्कार के लिए उनका चयन करने से ज्ञानपीठ स्वयं सम्मानित हुआ है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के प्रतिनिधियों ने शुक्ल को पुष्पगुच्छ, शाल और श्रीफल से ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने की शुभकामना दे कर उनका अभिनन्दन किया। भेंट मुलाकात में विनोद कुमार शुक्ल की धर्मपत्नी अंजना शुक्ल, वरिष्ठ समीक्षक रचनाकार रमेश अनुपम के साथ हिन्दी विभाग की डॉ. रजनीश उमरे, डॉ, सुबोध देवांगन, डॉ. ओमकुमारी देवाँगन, डॉ. रमणी चन्द्राकर, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थी नीलम, जीतेश्वरी, संग्रामसिंह, कपिल, टेकलाल, निमाई प्रधान, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन चौहान मौजूद थे।

### शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** आल इंडिया यूथ फेडरेशन द्वारा नया बस स्टैंड में शहीद आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को शहादत दिवस पर फेडरेशन द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर रमेश दास, शहर अध्यक्ष शमीम कुरैशी, उपाध्यक्ष कमलेश निर्मलकर, आरिफ अली, आकाश नजफ, अली बबलू, राजेश आदि मौजूद थे।

# ठेकेदारों ने छोड़ा प्यासा, 40 करोड़ के लिए नहीं जोड़ रहे कनेक्शन

**जिले के 385 गांव में से डेढ़ सौ से अधिक गांव में टंकियों से सप्लाई नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गांव में टैंकरो के जरिए प्यास बुझाने ग्रामीण मजबूर है। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों ने पाइप लाइन को टंकी के कनेक्शन से ही नही जोड रहे है। जिले में करीब चालीस करोड रूपए का भुगतान अटके होने के कारण ठेकेदारों ने टंकी तक बिछे पाइप लाइन को कनेक्ट नही कर रहे हैं। जिसके कारण गांव में पेयजल के संकट निर्मित हो गए हैं। इस तरह भीषण गर्मी में गांव में हाहाकार की स्थिति निर्मित हैं।

जलजीवन मिशन के तहत कार्य करने वाले ज्यादातर ठेकेदारों ने भुगतान नही मिलने से हाथ खडे कर दिया है। बकायदा जिले के गांव में टंकियां बनने के बाद भी पेयजल की आपूर्ति शुरू नही हो पाई है। पीएचई विभाग के अधिकारी लगातार ठेकेदारों से संपर्क कर रहे है। लेकिन ठेकेदार इस हद तक कठोर हो गए है कि वे पाइपलाइन जोडने को तैयार नही हैं। जानकारी अनुसार जिले में सौ से अधिक ठेकेदार है। जिन्होने जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया हैं। उनके प्रोजेक्ट समाप्त होने के बाद भी भुगतान नही हो रहा है। ऐसे में नाराज ठेकेदारों ने अंतिम कार्य के तहत पाइल ल लाइन जोडने से हाथ खडे कर दिए है।

#### बोर के जरिए हो रही सप्लाई

जिले में ठेकेदारों को कार्य के बाद राशि का भुगतान नही होने के कारण वे रूचि नही ले रहे हैं। ऐसे में टंकी से पाइप लाइन जोडने का कार्य ठप हैं। समोदा, नगपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि, टंकी बनाने के बाद सप्लाई शुरू नही की गई हैं। यहां ग्राम पंचायत के पुराने बोरवेल्स से सप्लाई हो रही है। जलजीवन मिशन के तहत अधूरा कार्य कर ठेकेदार गायब हो गए है। इसमें दिक्कत उन ग्रामीणों को आ रही है, जहां उपरी इलाका होने के कारण पानी नही चढ रहा है। उनके द्वारा टंकी से सप्लाई शुरू किए जाने की मांग की जा रही हैं।



#### 160 टंकियों का कनेक्शन नहीं जुड़ा

जिले के 385 गांव में मिशन के तहत पेयजल पहुंचाना है। इसमें करीब 201 गांव ऐसे है, जहां पाइप लाइन बिछ गई। लेकिन ठेकेदारो ने टंकी से कनेक्शन नही जोडा हैं। अफसरों का कहना है कि ठेकेदारों की उपस्थिति में ही टंकी का कनेक्शन जोडकर टेस्टिंग कार्य किया जाना हैं। जानकारी अनुसार नगपुरा, महमरा, बोरई जैसे गांव में टंकी तो बन गई। लेकिन यहां पाइप लाइन नही बिछी हैं। इस मामले में पीएचई के ईई उत्कर्ष पांडे का कहना हैं कि, शासन को प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही भुगतान होने की संभावना हैं।

**तैयारी : 1 अप्रैल 2019 के पूर्व वाहनों पर लगेगा हाई सिक्योरिटी नंबर**

# हाई सिक्योरिटी नंबर में लिंक हो रहा चालकों का मोबाइल नंबर

**31 मार्च 2025 के पहले लगाना अनिवार्य, अप्रैल से कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्घटना के बाद वाहन छोडकर फरार होने पर चालको की अब खैर नही होगी। हाई सिक्योरिटी नंबर देने के साथ ही उसमें वाहन मालिको को मोबाइल नंबर भी लिंक किया जा रहा हैं। इस मोबाइल नंबर के जरिए पलभर में यातायात पुलिस वाहन चालको से संपर्क कर सकेगी। वहीं मोबाइल नंबर में ही चालानी कार्यवाही भी भेजने की तैयारी हैं। मोबाइल नंबर लिंक होने से सेकंड पार्टी की जानकारी मिल जाएगी और बीमा मुआवजा मिलने में आसानी होगी।

जानकारी अनुसार जिले में अब तक 11520 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लग चुका हैं। करीब 1308 प्रकरण होल्ड में है। वही 2726 लोगों ने नंबर लगाने अप्वाइंटमेंट ले रखा हैं। अफसरों ने बताया कि, इसे वेबसाइड में जाकर आनलाइन भी आवेदन कर सकते है। वही दूसरा विकल्प सभी शोरूम में भी दिया गया है। जहां से नंबर लगा सकेगें। उल्लेखनीय हैं कि, राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा एक अप्रैल 2019 के पहले खरीदे गए वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर आगामी 31 के बाद नंबर नही मिलेगा तो चालानी कार्यवाही होगी, यही नही इसके बिना वाहनों को फिटनेश भी नही होगा। इसके लिए विभाग ने दोपहिया, तीन और चारपहिया सहित हैवी वाहनों के लिए राशि निर्धारित कर दिए गए हैं, वही सभी वाहनों में पन्द्रह फीसदी जीएसटी भी जोडा गया हैं, वही लंबर लगाने सौ रूपए अलग से खर्च करने होगें।

#### इस तरह निर्धारित की गई राशि

हाई सिक्योरिटी नंबर वर्ष 2019 के बाद लगकर आ रही है। लेकिन इससे पहले के वाहनों के लिए दर निर्धारित की गई है, इनमें दोपहिया वाहन के लिए बेसा प्राइस 310 रुपए व जीएसटी 55.80 रुपए कुल 365.80 रुपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 362 व जीएसटी 65.16 कुल 427.16 रुपए, एलएमवी 556 रुपए व जीएसटी 100.08 रुपए कुल 656.08 रुपए और हेवी कमर्शियल 598 व जीएसटी 107.64 रुपए कुल 705.64 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रत्येक इंस्टॉलेशन के लिए 100 रुपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा।




#### ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा पंजीयन

आरटीओ अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए दुर्ग में रोसमेर्टा नामक कंपनी को दुर्ग के लिए चयनित किया गया है। कंपनी के कर्मचारी का कहना है कि, वाहन चालन चाहे तो आनलाइन नंबर ले सकते है। अथवा इसके लिए हीरो, होंडा, टीवीएस सहित अन्य शोरूम को भी चयनित किए गए हैं। जहां नंबर लगाने की सुविधा और भुगतान यहां किया जा सकता हैं। हांलाकि इस नियम को लेकर पिछले दिनों ट्रक यूनियन ने आरटीओ आफिस में विरोध दर्ज कराई थी।

#### नंबर बगैर फिटनेस भी नहीं होगा

राज्य शासन के आदेश में साफ हैं कि, बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर के किसी भी वाहनों को फिटनेश नही करना हैं। परिवहन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर उच्च सुरक्षा पंजीयन चिन्ह (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य किया है। जिला परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, परिवहन विभाग द्वारा इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसमें आनलाइन राशि का भुगतान होगा, वही नंबर प्लेट जारी करने के बाद इसे लगाया जाएगा। विभाग ने अधिक जानकारी के लिए परिवहन विभाग की अधिकारिक वेबसाईट भी जारी कर दी है।

#### अनिवार्य किया गया

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाना शासन ने अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2019 के पहले सभी वाहनों में लगाना है। नए में लगकर आ रहे है। अप्रैल से कार्यवाही होगी। इसमें मोबाइल नंबर भी लिंक होगें।
**-एसएल लकडा,** आरटीओ अधिकारी, दुर्ग

# मुख्तियारनामा बनाकर फौजी के पिता से लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- पुलिस अधीक्षक ने दिए सीएसपी को जांच के निर्देश

अंजोरा निवासी किसान मयाराम यादव पिता जगत राम यादव उम्र 69 वर्ष से मुख्तियारनामा बनाकर लाखों रूपए की धोखाधडी किए जाने का मामला सामने आया है। पीडित किसान ने अपनी जमीन को धोखे से बेचे जाने पर रोक लगाने आवेदन दिया हैं। वही बोरी थाने में पीडित ने विगत तेरह मार्च को आवेदन दिया है। इसके पहले एसपी जितेन्द्र शुक्ला को आवेदन दिया था। जिस पर उन्होने सीएसपी को जांच के निर्देश दिए थे।

आवेदन ने शिकायत में लिखा है कि, 17 जनवरी 2025 को मुख्य रूप से षडयंत्रकारी शंकर चौहान आ. हवासिंह चौहान निवासी कोष्टा पारा तिलई (गोंडगिरी) जिला बेमेतरा जाति चौहान, आधार नंबर- 2788 6693 8307 तथा नं. 01 दमोदा बोरई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. आधार नंबर- 200497197350 तथा बुधारू आ० सोनूराम यादव निवासी-मकान नं. 108 वार्ड नं. 09 दमोदा बोरई आधार नं. 3581 1034 3400 के द्वारा मुझे 17 जनवरी 2025 को धोखागडी कर मेरी भूमि का फर्जी जालसाजी तरीके से मुझे उप पंजीयक कार्यालय, राजनांदगांव ले जाकर फर्जी आम मुख्यारनामा (बिना प्रतिफल के 2 वर्ष के लिये) तैयार करा लिया। जिसकी जानकारी मुझे नहीं दी और ना ही किसी प्रकार के जमीन खरीदी बिकी के संबंध में मुझसे कोई बातचीत सौदा नहीं हुआ था। उपरोक्त तीनों व्यक्तियों के द्वारा मुझे किसी कागज में गवाह के रूप में हस्ताक्षर करना है, करके ले गये थे और जालसाजी पूर्वक आम मुख्यारनामा पर हस्ताक्षर कराकर उप-पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव में पंजीकृत रजिस्टर्ड करा लिये जिसकी जानकारी मुझे 12 मार्च 2025 को भूमि का विकय पत्र पंजीयन संलग्न करने पर कार्यालय दुर्ग में प्रस्तुत करने पर पता चला कि मेरे द्वारा विक्रेता लोमस कुमार पटेल को आम मुख्यारनामा उक्त विकय पत्र में विक्रेता लोमस कुमार पटेल तथा क्रेता के रूप में शंकर चौहान दर्ज कराया गया था। जिसकी जानकारी होने पर मेरे द्वारा उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में उपस्थित होकर पंजीयन कार्यवाही को रोकवाया गया।

#### खाता खुलवाकर खुद करते रहे लेनदेन

पीडित किसान ने बताया कि, शंकर चौहान द्वारा पूर्व नियोजित साजिश कर मेरे नाम से खाता एक्सीस गंज पारा, दुर्ग एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक स्टेशन रोड दुर्ग में 1 फरवरी 2025 एवं 18 फरवरी 2025 खाता खुलवाया गया तथा उक्त खाते में रकम डालकर खुद निकलवाकर रख लेता था। उनके बेटे प्रेमलाल यादव फौजी है। उन्होने बताया कि, मुख्यिारनामा के जरिए उनके पिता की जमीन को बेचने का प्रयास किया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई हैं।

# शहरवासियों को मिली बिजली सुधार के लिए स्काई लिफ्ट वाहन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर किया लोकार्पण

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग शहर वृत्त को दुर्ग-भिलाई शहर में विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए बहु उपयोगी स्काई लिफ्ट की सौगात मिली है। जिससे दुर्ग-भिलाई शहर के लगभग 2 लाख 71 हजार से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। दुर्ग वृत्त के अधिकारियों द्वारा पिछले दिनों इसकी पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया गया।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से स्काई लिफ्ट की जरूरत थी। इसके अभाव में ऊंचाई पर बिजली तार की मरम्मत करने में परेशानियां होती थी और समय भी अधिक लगता था, जिसके कारण बिजली कर्मचारियों को लोगों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ता था। रायपुर शहर की तर्ज पर यह सुविधा अब विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दुर्ग-भिलाई शहर का प्रदान की गई है।

#### ऐसे मिलेगा फायदा

अधिकारियों ने बताया कि शहर में विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए स्काई लिफ्ट वाहन की नितांत आवश्यकता थी। इससे विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित सुधार में यह वाहन लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि इस स्काई लिफ्ट वाहन के आने से विद्युत कर्मचारियों को अधिक ऊंचे पोलों एवं पोलों के मध्य तारों पर कार्य करने में सुविधा होगी एवं कर्मचारी सुरक्षित रुप से कम समय में विद्युत सुधार का कार्य पूरा कर पाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्काई लिफ्ट 360 डिग्री घूम सकता है और 13 मीटर ऊंचाई तक कर्मचारियों को सुरक्षित लिफ्ट करा सकता है। यह वाहन उन्हें द्वुविधा पूर्ण एवं कठिन स्थानों पर भी कार्य करने में सहयोगी होगा। उन्होंने बताया कि इस वाहन से बिजली तार से सटे पेड़ों की डालियां काटने में भी सहयोग होगा। सुरक्षा के साथ-साथ घंटों का कार्य मिनटों में संपन्न होगा।




# हाउसिंग बोर्ड में सांसद निधि एवं अधोसंरचना मद के अस्सी लाख से हो रहे हैं निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया आयुक्त ने

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में ओम शांति ओम चौंक से लेकर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी चौंक तक सड़क सीमेंटीकरण का कार्य सांसद निधि से किया जा रहा है। एक अच्छी व्यवस्थित सड़क की आवश्यकता को देखते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय द्वारा अपने सांसद मद से सड़क सीमेंटीकरण हेतु 40 लाख रूपये, सड़क पर विद्युतीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 40 लाख रूपयें की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके गुणवत्ता एवं कार्य की शीध्रता का अवलोकन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अभियंतागणों के साथ मौके पर पहुंचे। निर्माणाधीन एजेंसी को भी बुलाया गया था, एजेंसी के कर्मचारियो को चल रहे कार्य को समय अवधि में गुणवत्ता को ध्यान में रखकर पूर्ण करने का निर्देश दिए। यह भी चेताया कि निर्माणाधीन सीमेंट की सड़क तभी मजबूत रहेगी, जब उसमें बराबर पानी की तराई की जावें। तराई नहीं होने के कारण सड़क बीच से फट जाता है, मजबूती भी कम हो जाती है। इसके साथ ही सड़क का धार-कोर को भी जांच किया गया। यह भी सही नहीं होने पर जब गाड़ी का पहिया उस पर पड़ता है, तो टूट जाता है।

वार्ड क्रं. 23 घांसीदास नगर में अधोसरंचना मद के 44 लाख की लागत से सड़क सीमेंटीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। वार्ड क्रं. 23 में कुछ निवासियों द्वारा सड़क के ऊपर मलवा डालकर सड़क बाधित किया गया था, उसे जोन राजस्व सहायक अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किए। उसके बाद निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय, एस.एल.आर.एम. सेंटर आदि का भी अवलोकन किए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, जोन के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सुपरवाइजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।



**महापौर ने पार्षदों के साथ शहर का किया निरीक्षण**

# चेतावनी: सड़कों और नालियों पर कब्जा न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- अफसरों को दिए व्यवस्था सुधारने के निर्देश

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज पुराना पुलिस थाना के पीछे हटाए गए अतिक्रमण स्थल का मेयर अलका बाघमार ने निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने नाली और सड़क सीमा पर दुकान सजाकर रखने वालों को व्यवस्थित ढंग से व्यपार करने की बात कही। सभी दुकानदार एक साथ एक लाइन से लगाने के निर्देश दिए।

यदि दुकानदार ऐसा नही करते है तो उन पर जुर्माना के साथ कार्रवाही करने हेतु बाजार अधिकारी संजय ठाकुर को निर्देशित किया। उन्होंने दुकानदारों को यातायात व्यवस्था पर सहयोग करने की अपील की, कहा पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए एवं चलन सड़क पर मार्किंग किया जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी से कहा सड़क बाधित अतिक्रमणों को हटावाकर व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए कहा सड़क सीमा पर अतिक्रमण बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के मौके पर सभापति श्याम शर्मा,राजस्व प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर, सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन, बाजार अधिकारी संजय ठाकुर अलावा जीतेन्द्र सिंह राजपूत मौजूद रहें।



#### प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध

मेयर द्वारा दुकानों में प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल बंद करने की हिदायद दी गई। सड़क व नालियों में अतिक्रमण के कारण इससे न केवल यातायात की समस्या उत्पन्न हो रही है, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। नगर निगम ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि, वे सड़कों और नालियों पर कब्जा न करें, ताकि यातायात और स्वच्छता से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सके।

#### मेयर ने किया अफसरों के साथ निरीक्षण

सड़क पर सज रहे अवैध बाजार, नालियों पर व्यापारियों का कब्जा, शहर की सड़कों और नालियों से अवैध कब्जा हटाकर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मेयर ने पटेल चौक से पुराना दुर्ग थाना का निरीक्षण किया। बारिश के दिनों में जलभराव की परेशानी से निपटने के लिए अभी से नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को बाजार को सुव्यवस्थित बनाने के लिए निरिक्षण करते रहने कहा।

# टैक्स जमा नहीं करने पर दो को कुर्की नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




- अधिभार और पेनाल्टी से बचने घर बैठे टैक्स पटाने की सुविधा

रिसाली निगम ने टैक्स जमा नहीं करने वालों पर सख्ती शुरू कर दी है। दो बड़े बकायादारों को कुर्की का नोटिस जारी किया है। वहीं नगर पालिक निगम के नागरिक अब घर बैठे टैक्स जमा कर सकते है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने लिंक का प्रचार-प्रसार करते नागरिकों से अधिभार और पेनाल्टी से बचने की अपील की है। उन्होंने कर वसूली विभाग को निर्देश दिए है कि बकायादारों पर सख्ती बरता जाए। आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से कहा है कि इस वित्तीय वर्ष का टैक्स 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा करे। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर कुल कर राशि में 18 प्रतिशत अधिभार जमा करना होगा। साथ ही 1000 पेनाल्टी अलग से देना होगा। आयुक्त ने घर बैठे टैक्स जमा करने की सुविधा के बारे में बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजी सूडा डॉट कॉम में जाते ही नगर पालिक निगम रिसाली का साइड खुलेगा। इसकी मदद से करदाता को कार्यालय न आकर वे टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकते है। नागरिकों को सुविधा देने रिसाली के सभी पार्षदों को लिंक उपलब्ध कराया गया है।

#### इन दो के खिलाफ नोटिस

रिसाली निगम ने दो ऐसे बकायादारों के खिलाफ कुर्की नोटिस जारी किया है जो लंबे समय से कर जमा नहीं कर रहे है। इसमें बिल्डर नवीन सिंह और मैरिज पैलेस द मार्क शामिल है। सम्पत्तिकर विभाग के राजस्व निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि 31 मार्च तक कर जमा नहीं करने कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

#### अवकाश के दिन खुला रहेगा काउंटर

राजस्व निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि रिसाली निगम का काउंटर 31 मार्च तक नियमित रूप से खुला रहेगा। अवकाश के दिन भी नागरिक कार्यालय पहुंचकर टैक्स की राशि जमा कर सकते है।

**अव्यवस्था:** शासन-प्रशासन की अव्यवस्था तथा वीआईपी कलचर की भेंट चढ़ा भोरमदेव महोत्सव

# धमाकेदार रहा भोरमदेव महोत्सव का आगाज, दर्शकों ने तोड़ी सैकड़ों कुर्सियां

**अव्यवस्था से नाराज आम लोगों ने कुर्सियों तोड़कर जाहिर किया अपना गुस्सा, लाचार और मजबूर प्रशासन नहीं संभाल पाया बेकाबू भीड़, समय से पहले बंद करना पड़ा कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक धरोहर, भोरमदेव के दो दिवसीय महोत्सव का पहला दिन आयोजकों की बदइंतिजामी और व्हीआईपी कलचर की भेंट चढ़ गया। यहां महोत्सव के पहले दिन आम दर्शकों ने अव्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी व्यक्त करते हुए उत्पात मचाया वहीं सैकड़ों कुर्सियों को तोड़ दिया। दर्शकों का हंगामा और आक्रोश इतना बढ़ा की मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन उसे संभाल पाने में पूरी तरह से नाकाम दिखा, लिहाजा कार्यक्रम को ही समय से पहले बंद करना पड़ गया। दरअसल इस 29 वें भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां शासन-प्रशासन द्वारा बीते कई दिनो से की जा रही थी। तैयारियों को लेकर कई बार जिला प्रशासन के मुखिया से लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री भी स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते रहे और संबंधितों को आदेश निर्देश देते रहे। लेकिन इस दो दिवसीय महोत्सव के लिए की व्यवस्थाओं की पोल उस समय खुल गई जब आयोजन के पहले दिन 26 मार्च को अंतरराष्ट्रीय शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी अपनी प्रस्तुति देने महोत्सव में पहुंचे। बताया जाता है कि हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति को देखने हजारों दर्शकों की भारी भीड़ महोत्सव में पहुंची थी। लेकिन शिकायत है कि आयोजकों द्वारा दर्शक दीर्घा इतनी लंबी बनाई थी कि पीछे के दर्शकों को न तो मंच सही ढंग से दिखाई दे रहा था और न ही गायकों की आवाज ही उन्हें साफ सुनाई दे रही थी। इस अव्यवस्था के बावजूद महोत्सव के शुभारंभ और कुछ शुरूआती कार्यक्रमों तक तो सब कुछ ठीक था। लेकिन छत्तीसगढ के कलाकार अनुराग शर्मा के बाद जैसे ही अंतरराष्ट्रीय शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी अपनी शानदार प्रस्तुति देने मंच में पहुंचे, पीछे बैठे दर्शकों का उत्साह और जोश बढ़ गया और वे मंच की तरफ बढने लगे बस यहीं से हगांमा शुरू हो गया। हंसराज को सुनने और देखने के लिए कोई आयोजन स्थल में लगे पोल और होडिंग में चढ़ने लगा, तो कोई बेरिकेटिंग को लांघ कर आगे बढ़ने लगा। देखते ही देखते आयोजन स्थल में हंगामा और उत्पात शुरू हो गया। कुछ लोग आपस में ही भिड़ गए। इस बीच अव्यवस्था से नाराज दर्शकों ने कुर्सियां तोड़नी शुरू कर दी और देखते ही देखते दर्शक दीर्घा में सैकड़ों कुर्सियों को लोगों ने जमीन में पटकर तोड़ डाला। दर्शकों का यह उत्पाद करीब घंटे भर से अधिक समय तक चलते रहा है। जिसे देखते हुए मूक और लाचार प्रशासन को गायक हंशराज रघुवंशी का कार्यक्रम समय से पहले ही समाप्त कराना पड़ गया।



### भीड़ को संभालने और नियंत्रित करने में नाकाम रहा प्रशासन

भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी के कार्यक्रम को देखते हुए इस बात की पूरी संभावना थी की यहां अपार भीड़ जुटेगी। लेकिन आरोप है कि जिस लिहाज से कार्यक्रम में भीड़ के आने की संभावना थी उस लिहाज से न तो प्रशासन की कोई व्यवस्था थी और न ही उसे नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम ही किए गए थे। यहां तक की जिस समय अव्यवस्था से नाराज लोग दर्शक दीर्घा में रखी कुर्सियां तोड़कर अपनी नाराजगी और आक्रोश प्रकट कर रहे थे उस समय भी उन्हें रोकने और टोकने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन का अमला मौके से नदारत था। जिसकी गवाही सैकड़ों की संख्या में टूटी हुई कुर्सियां स्वयं दे रही है।

### अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही थी महिलाएं और बच्चे

प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते भोरमदेव महोत्सव के पहले ही दिन आयोजन स्थल का माहौल कुछ ऐसा बन गया की व्हीव्हीआईपी और व्हीआई के साथ कार्यक्रम देखने पहुंची महिलाएं तथा बच्चे अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे। बताया जाता है कि यहां प्रशासन द्वारा कुछ इस तरह की बैरिकेटिंग की गई थी कि महिलाएं और बच्चे बनाई गई गैलरी में ही फंसकर रह गए और अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे। बाद में जैसे तैसे सभी बाहर निकल पाए।

### आम लोगों को नहीं भाया वीआईपी कलचर

सत्ता सरकार किसी की भी हो लेकिन इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों में जिस ढंग से व्हीव्हीआईपी और व्हींआईपी कलचर को कार्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाता है वह अब आम लोगों को जरा भी नहीं भाता। माना जा रहा है कि भोरमदेव महोत्सव में इस हंगामे और उत्पात की वजह भी कहीं न कहीं यही व्हीव्हीआईपी व व्हीआईपी कलचर ही रहा है। जिस ढंग से हजारों की संख्या में सत्ता सरकार और प्रशासन से जुड़े नेता, अधिकारी तथा उनके करीबी ऐसे कार्यक्रमों में मंच के सामने गद्देदार सौफा, सामने टेबिल और टेबिल में मंहगे से मंहगे ब्रांट की पानी बॉटल, प्लेट में काजू, बादाम, तरह-तरह की बिस्किट रखकर आसपास लगे कूलर की ठंडी हवा में कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं और पीछे बैठी आम जनता, जिसे न तो मंच दिखता है और न ही मंच की आवाज उन तक पहुंच पाती है, निश्चित रूप से यह सब आम लोगों के दिलो-दिमाक को पीड़ा और टीस देने वाला कृत्य है। अगर ऐसी अवस्था में आम लोगों का गुस्सा भड़कता है और हालात कुछ इसी तरह के निर्मित होते हैं तो शासन-प्रशासन के नुमाईदों को समझ लेना चाहिए की आगे उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने फूंका सीबीआई का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास/कार्यालय में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा राजनीतिक दबाव में की गई द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा गुरूवार को कवर्धा नगर के सिग्नल चौक में सीबीआई का पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा की भूपेश बघेल को जब भी कोई जिम्मेदारी या नेतृत्व मिला है तब-तब भाजपा के लोगों के द्वारा भूपेश बघेल की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई को सामने लाकर परेशान करने का काम किया करते हैं लेकिन बीजेपी वालों को और सीबीआई को ये पता नहीं है कि भूपेश बघेल उनके द्वेषपूर्ण कार्यवाही से डरने वाले नहीं है व जनहित की आवाज को उठाते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस के सभी विंग के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### छात्र विनय का नवोदय में चयन



**कवर्धा।** ग्राम कांपा निवासी विनय कुमार कौशिक सुपुत्र धर्मेन्द्र कौशिक, माता संगीता कौशिक का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 वीं के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। बच्चे के इस उपलब्धि से क्षेत्र के सभी लोगों में खुशी व्याप्त है। विनय के चयन पर उनके परिजनो, शुभचिंतकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप

### नपा अध्यक्ष आज पेश करेंगें अपना पहला बजट

**कवर्धा।** नगर पालिका परिषद



कवर्धा का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा 28 मार्च 2025 को अपने कार्यकाल का प्रथम बजट पेश करेंगें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए 28 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे नगर पालिका परिषद की सभाकक्ष में बजट पेश किया जायेगा। बजट में सरकार की योजनाओं के साथ सुंदर व स्वच्छ कवर्धा की परिकल्पना को साकार करने हेतु पूरी टीम के द्वारा प्रयास किया जायेगा। बजट में सभी के हितों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया जायेगा।

### छात्रा प्रिया चन्द्रवंशी का नवोदय में चयन

**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय



चयन परीक्षा 2025 कक्षा 6 वीं के लिए छात्रा प्रिया चन्द्रवंशी पिता रामकुमार चन्द्रवंशी का चयन होने पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई के समस्त स्टाप, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य सुमन गुप्ता तथा व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### बालाजी मंदिर निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

**कवर्धा।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर कला में बालाजी मंदिर निर्माण की भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बालाजी मंदिर निर्माण कार्यक्रम में क्षेत्र के सनातन हिंदू धर्म द्वारा भव्य एकता पद यात्रा निकाली गई। जिसमें बागेश्वर धाम कवर्धा शिष्य मंडल द्वारा खेड़ापति दादा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चनाकर सुबह 6:00 बजे हनुमान चालीसा पाठ पढ़कर किया गया। ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में भूमि पूजन कर भगवा ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजाराम साहू, नरसिंग चंद्राकर, रामजी केसरी, विक्रम चंद्राकर, धनी यादव, मिथलेश साहू, उत्तम सिंगरौल, रामेश्वर साहू, सेतराम साहू, शीतल साहू, कौशल चंद्राकर, रवि गुप्ता, ऋषि मिश्रा सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## संत कबीर कृषि महाविद्यालय में अरहर दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कवर्धा में आज अखिल भारतीय समन्वित अरहर परियोजना एवं इक्रीसेट के तहत एक दिवसीय अरहर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को अरहर की खेती, उन्नत किस्मों, बीमारियों तथा कीट प्रबंधन पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अरहर अनुसंधान परियोजना की प्रमुख डॉ. मयूरी साहू ने किसानों को अरहर की रबी एवं खरीफ फसल की बुवाई, उन्नत किस्मों और उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में दलहन फसलों की खेती और उनसे जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. श्याम सिंह ने अरहर फसल में लगने वाली बीमारियों तथा डॉ. निवेदिता ने कीट नियंत्रण पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम का सफल संचालन रविशंकर नाग ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. रवि लांझियाना ने किया। इस प्रशिक्षण से किसानों को अरहर उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई, जिससे उनकी उपज बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## टीचर्स एसोसिएशन की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक 28 मार्च को अपरान्ह 4.30 बजे राजमहल चौक के पास स्थित स्थानीय राजीव गाँधी पार्क में आयोजित किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि बैठक में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान को लेकर डीईओ, बीईओ, डीडीओ एवं जिला व जनपद पंचायत को दिए जाने वाले अभ्यावेदन की जानकारी, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन की मांग, स्थानीय समस्याओं के निराकरण हेतु संघीय कार्यों, व्याख्याता व प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर रणनीति तय किया जाएगा। बैठक से ठीक पहले अपरान्ह 4.00 बजे जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों के स्थानीय समस्याओं के संबंध में चर्चा किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से बैठक एवं डीईओ से मुलाकात के लिए निर्धारित समय में उपस्थिति का आव्हान किया है।

## चिल्फीघाटी में तीन ट्रकों के एक साथ खराब होने से लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नेशनल हाईवे एनएच 30 में एक बार फिर भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। बताया जाता है कि यहां गुरूवार घाटी में एक साथ तीन ट्रकों के खराब हो जाने के कारण मार्ग जाम हो गया और मार्ग के दोनो और वाहनो की लंबी कटारे लग गई। हा लां कि पु लि स प्रशासन जाम को बहाल कराने का प्रयास कर रहा है लेकिन उसे अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित चिल्फीघाटी के नागमोड़ी मैं तीन ट्रक एक साथ एक ही जगह पर खराब हो जाने के कारण एवं घाट में जगह नहीं होने की वजह से जाम की स्थिति निर्मित हुई है। चिल्फी पुलिस ने बताया कि खराब वाहन इस कदर फंसे हुए हैं कि दूसरे वाहन निकल नहीं पा रहे हैं और जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। खराब वाहनो का सुधार कार्य जारी है। इस जाम में फंसे वाहन चालकों और यात्रियों को भारी पेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर नगर शक्तिपीठों व मंदिरों में की जा रही जोरदार तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में चैत्र नवरात्र का पर्व श्रृद्धा भक्ति के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लस से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां नगर के शक्तिपीठों एवं देवी मंदिरों में शुरू कर दी गई है। पंचाग के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 2025 का शुभारंभ 30 मार्च दिन रविवार से होगा और समापन 6 अप्रैल दिन शनिवार को होगा। इस बार पंचमी तिथि के लोप होने के कारण नवरात्रि 9 दिन की बजाय 8 दिन की होगी, जो ज्योतिष की दृष्टि से एक विशेष संयोग है। पर्व के मौके पर हर बार की तरह इस बार भी श्रृद्धालुओं द्वारा नगर सहित अंचल के शक्तिपीठों में सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जा रहे हैं। जिसका पंजीयन मंदिर समितियों द्वारा काफी पहले ही प्रारंभ कर दिया गया है, जो चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन से शुभ मुहुर्त में आदि शक्ति के चरणों में जगमगाने लगेंगे। उल्लेखनीय है कि धर्मनगरी कवर्धा को शक्तिपीठों का गढ़ कहा जाता है और यहां चैत्र व क्वांर नवरात्र का पर्व हर साल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया जाता है। धर्म और आस्था की इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर में स्थापित मां विंध्यवासनी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोष मंदिर, मां काली मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की जोरदार तैयारियां की जा रही है। चैत्र नवरात्र पर्व की नजदीकियों को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों की रंगाई पुताई व साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कर ज्योति कलश कक्षों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि इन शक्ति पीठों में हर साल नवरात्र पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं। सार्वधिक मनोकामना ज्योतिकलश नगर के प्रमुख शक्तिपीठ मां विंध्यवासनी मंदिर में प्रज्जवलित कराए जाते हैं। जिसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा खास इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए विशाल कक्ष तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा पर्व के मद्देनजर मंदिर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई कर आकर्षक साज सज्जा की तैयारी है। ऐसी ही तैयारियां नगर के दूसरे शक्तिपीठों में भी की जा रही है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि एक बार फिर नगर व अंचलवासियों ने शक्ति की भक्ति करने की पूरी तैयारियां शुरू कर दी है।

### कलश बनाने में जुटे कुम्हार

आगामी 30 मार्च से प्रारंभ होने वाले श्रद्धा.भक्ति के इस पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार करने वाले नगर व आसपास के कुम्हार भी बड़ी सिद्दत से मिट्टी के कलश निर्माण कार्य में जुटे हुए है। इन कुम्हारों को विभिन्न मंदिर समितियों द्वारा हजारों की संख्या में ज्योति कलश निर्माण का आर्डर पहले ही मिल चुका है। जिनके निर्माण कार्य में कुम्हारों का पूरा परिवार लगा हुआ है। कलश निर्माण कार्य में जुटे कुम्हारों ने बताया कि नगर में स्थापित देवी मंदिरों की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। जिसके चलते हमें बड़ी संख्या में ज्योति कलश निर्माण का आर्डर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी गत वर्ष की तुलना में कहीं अधिक ज्योति कलश का निर्माण किया जा रहा है।

**मवेशियों और वनवासियों के सामने गहरा सकता है जल संकट**

## तपती गर्मी के साथ दम तोड़ने लगे अंचल के नदी, नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




लोगों व मवेशियों के लिए काफी उपयोगी माने जाने वाले अंचल के कई नदी, नाले व तालाब बस अब कुछ ही दिनों के और साथी है। लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते इन जल स्त्रोतों का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। जिसकी चिंता क्षेत्रवासियों में देखी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि आज भी जिले के कई ग्राम ऐसे है जहां के बासिंदे निस्तारी के लिए नदी, नालों व उन जल कुण्डों पर निर्भर है जो बारिस के दिनों में भर जाते है। इनका उपयोग ग्रामीण नहाने, कपड़े धोने से लेकर मवेशियों को पानी पिलाने तक में करते है। लेकिन लगातार बढ़ रही गर्मी के साथ ये उपयोगी जल स्त्रोत ग्रामीणों का साथ छोड़ते नजर आ रहे है। विकासखण्ड बोड़ला के अंदरूनी ईलाकों के वनवासियों की माने तो वे मुख्य रूप से जंगल के भीतर बहने वाली छोटी नदियों व नालों के पानी पर आश्रित है। जिसकी बदौलत वे अपना और अपने मवेशियों की जरूरत पूरी कर लेते है। लेकिन तपिस बढने के साथ अब इन नदी, नालों का पानी कम होते जा रहा है। वनवासियों ने बताया कि प्रायः हर वर्ष अप्रैल-मई तक इनका पानी पूरी तरह सूख जाता है। लेकिन बीते वर्ष अच्छी बारिस होने के कारण अभी भी ये नदी, नाले उनकी जरूरत पूरी कर रहे है, पर यह अब कुछ ही दिन संभव है। उन्होंने बताया कि इन नदी-नालों के सूखने के बाद उन्हें झिरिया खोदकर काम चलाना पड़ेगा। इसी प्रकार कुण्डा क्षेत्र से बहने वाली हाफ नदी के किनारे बसे लोगों ने बताया कि नदी का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। उन्होंने स्थिति को देखते हुए संभावना व्यक्त की है कि मई माह के अंत तक नदी के कम गहराई वाले हिस्सों से पानी गायब हो जायेगा। यहां बताना लाजमी होगा कि हाफ नदी पर भी दर्जनो गांव की निस्तारी निर्भर है। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में इस बात की पूरी संभावना है कि अंचल में बहने वाले अधिकांश नदी, नाले, तालाब व दूसरे जल स्त्रोत लोगों को साथ छोड़ देंगे।

## भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा अर्चना...



**कवर्धा।** सुप्रसिद्ध और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने बुधवार को भोरमदेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक पूजा और अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भोरमदेवालय में शिव आराधना की और मंदिर की परिक्रमा भी की। हंसराज रघुवंशी ने अपने भजनों के माध्यम से लाखों भक्तों के दिलों में शिव भक्ति की अलख जगाते हैं, इस पवित्र स्थल पर पहुंचकर शिव के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और भक्ति को प्रकट किया। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों ने श्री रघुवंशी के साथ मिलकर शिव के भजनों का श्रवण किया। हंसराज रघुवंशी की आवाज में बसा शिव भक्ति का संगीतमाला भक्तों को मानसिक और आत्मिक शांति प्रदान कर रहा था।

## खबर संक्षेप



### ढारा में भागवत कथा का आयोजन

**डोंगरगढ़।** ग्राम ढारा में वैष्णव समाज ने भागवत कथा का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भगवान राधे कृष्णा की पूजा अर्चना कर महाराज से मुलाकात की। उन्होंने कथा का श्रवण किया। इस दौरान ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच आरती मोहन मंडल, राजू सिंह राजपूत, अमित वैष्णव, शत्रुघ्न टांडेकर, दीपेन टांडेकर, सविता वैद, निलेश वैष्णव आदि उपस्थित थे।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा 30 से

**सेंदरी।** ग्राम में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक रखा गया है। ज्ञान यज्ञ में परायणकर्ता पं. कुलेश्वर प्रसाद महाराज होंगे, जो भक्तों को देवी भागवत कथा का रसपान कराएंगे। यह विद्यार्थी संग माँ दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम के तहत 30 मार्च को कलश यात्रा, वेद पूजन, देवी महात्म्य, 31 को मधु कैटभ वध, व्यास जन्म, जन्मजय कथा, एक को ब्रम्हा उत्पत्ति, सत्यव्रत, निवृत्तिवादी कथा, 2 को चंद्रवंश कथा, महिषासुर वध, 3 को नर नारायण कथा, राजा हरिश्चंद्र कथा, 4 को प्रजापति जन्म, सती चरित्र, पार्वती विवाह, चंड-मुंड वध, 6 को तुलसी कथा, गीता हवन एवं प्रसादी वितरण होगा। कथा का वाचन दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा।

### जेवर और नकदी की चोरी

**डोंगरगढ़।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में उठाईगिरी एवं चोरी की घटना बढने लगी है। मंगलवार की रात को ग्राम देवकटटा में अज्ञात चोर जेवरात सहित लगभग डेढ़ लाख की चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत के बाद पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुलिस के अनुसार देवकटटा निवासी खुम्मन कंवर ने शिकायत में बताया कि गत गत 25 मार्च को वह परिवार सहित खाना खाकर सो रहे थे। सुबह पूजा घर का दरवाजा टूटा पड़ा था। आलमारी से नगदी 1 लाख, चांदी के जेवर लच्छा, करधन, सोने की फुल्ली, कान की रिंग एवं मंगल सूत्र गायब थे।

### गौठान की जमीन को कराया खाली



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुसरा ने अतिक्रमित जमीन को खाली कराने की मुहिम शुरू किया है। ग्रामसभा में प्रस्ताव होने के बाद तहसीलदार और पुलिस के सहयोग से गौठान की भूमि पर किए गए निर्माण को जेसीबी से हटाया गया। सरपंच गायत्री टेम्भुरकर बताया कि मुसराखुर्द निवासी विनोद वैष्णव गौठान की भूमि पर कब्जा कर मकान बना रहा था। ग्राम पंचायत ने 3 मई 24 को आदेश जारी कर जगह खाली करने कहा गया था। आदेश का पालन नहीं करने पर गत 26 मार्च को जमीन खाली कराया गया।

### बैठक में नववर्ष मनाने का निर्णय

**सड़क अतरिया।** हिन्दू युवा संगठन नर्मदा ने हिन्दू नव वर्ष को लेकर बुधवार को नर्मदा मंदिर में बैठक आहुत किया। बैठक में आगामी रविवार को नववर्ष उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाने की रूपरेखा बनाया गया है। हिंदू नव वर्ष पर मंदिर परिसर को भगवा पताका के साथ सजाया जाएगा। डीजे के साथ कलश यात्रा निकालने पर चर्चा किया गया। गांव के मध्य 51 फिट का झंडा लगाया जाएगा। बैठक में रवि जंघेल, गंगाराम निषाद, गुलशन चंदेल, निखिल यादव, प्रियांशु वर्मा, सुमित सिंहा, सौरभ सिंहा, राहुल गोस्वामी, त्रिलोक निषाद, जितेंद्र जंघेल, जागेश्वर निषाद, अमर श्रीवास, रवि नामदेव, कोमल दुबे आदि मौजूद थे।

---

नगर के मुख्य स्थानों पर विकराल रूप धारण करती जा रही है यातायात की समस्या

# भारत माता चौक पर हर 10 मिनट में लग रहा जाम, नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खमरिया

नगर के मुख्य स्थल भारत माता चौक, मल्लू चौक और अन्य प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। विशेषकर भारत माता चौक में हर 10 से 15 मिनट में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों और आपातकालीन सेवाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। चौक पर हर 10 मिनट में जाम लगने से आमजन को आवागमन में दिक्कत होती है। वहीं, सड़कों पर गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था सही नहीं होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नगर में समुचित पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से लोग सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे ट्रैफिक बाधित होता है। अव्यवस्थित यातायात के कारण भारी वाहनों को निकलने में समस्या होती है, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है।




**जनता की मांग और प्रशासन की उदासीनता :** स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने संबंधित विभाग एवं विधायक ईश्वर साहू का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगरवासियों में आक्रोश बढ़ सकता है।

### समाधान के लिए सुझाव

नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु रूप से हो सके और नागरिकों को राहत मिले। इसके लिए कुछ सुझाव भी दिए गए हैं। जिनमें चौक पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती हो। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर सुगम यातायात सुनिश्चित किया जाए। नगर में उचित पार्किंग स्थल का निर्माण हो, जिससे वाहन सड़क पर न खड़े हों। वहीं, भारी वाहनों के लिए अलग मार्ग निर्धारित किया जाए, जिससे यातायात सुगम हो सके।

---

# ग्राम रानो के धनेश्वर का अग्निवीर में हुआ चयन, विद्यालय के स्टाफ ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो के स्टॉफ ने अग्निवीर के लिए चयनित धनेश्वर साहू का गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा श्रीफल, स्कार्फ एवं पेन प्रदान कर सम्मान किया। साथ ही उनका मुँह मीठा भी कराया।

■ 26 अप्रैल को कर्नाटक के लिए होंगे रवाना

अग्निवीर बने धनेश्वर साहू ग्राम रानो निवासी द्वारिका साहू एवं चित्ररेखा साहू के सुपुत्र हैं। तथा उन्होंने बारहवीं तक की पढ़ाई रानो स्कूल से ही की है। शिक्षिका ने इससे पूर्व अग्निवीर के लिए चयनित छात्र ग्राम मुढ़यिा निवासी दुवेन्द्र वर्मा का भी संस्था में स्वागत एवं सम्मान किया था। धनेश्वर साहू ग्राम रानो का प्रथम युवक है, जिसका चयन अग्निवीर के लिए हुआ है। वे 26 अप्रैल को कर्नाटक के लिए रवाना होंगे। संस्था की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन सहित सभी सदस्यों ने उनका स्वागत, सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक किशुन राम साहू, संकुल समन्वयक सरोज कुमार यदु, शिक्षिका एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

---

# संत गाडगे प्रेरणा के प्रतीक हैं : दीपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला धोबी समाज बेमेतरा द्वारा एकदिवसीय संत गाडगे जयंती, विवाह योग्य बेटा-बेटी परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन बाजार चौक देवरबीजा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे, अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर ने की। विशेष अतिथि चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर, महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक महिला प्रदेश महासचिव नेम बाई रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक चोवाराम निर्मलकर, रामकुमार निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री ललित बुंदेला थे।

■ जिला धोबी समाज द्वारा आयोजित संत गाडगे जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि संत गाडगे बाबा अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा स्वच्छता शिक्षा और कुरीतियों के उन्मूलन के लिए समर्पित किया उनके विचार और आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इसीलिए संत गाडगे के प्रेरणा के प्रतीक हैं। प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर ने कहा कि संत गाडगे के शिक्षाओं और संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लेना होगा उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। प्रदेश मुख्य चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र ने कहा कि आज समाज में प्रदेश से लेकर जिला लोकतांत्रिक चुनाव से पदाधिकारी बनाया जा रहा है और अब राज और परिक्षेत्र में भी लोकतांत्रिक विधि से चुनाव हो रहा है। समाज का विकास तभी होता है जब समाज व प्रत्येक घर शिक्षित हो शिक्षा से ही देश की सेवा किया जा हैं। महिला प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक ने कहा कि अब हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी है अतः महिलाओं को समाज में सभी जगह सम्मान मिल रहा है, क्योंकि वे संगठन में चल रही है विवाह योग्य बेटा बेटी परिचय सम्मेलन से सामाजिक अपराध नहीं होता है। कार्यक्रम का संचालन नेमी राम रजक एवं धनेश रजक तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अनिल रजक व जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर राम निर्मलकर ने किया। इस दौरान नरेंद्र चौधरी, दुर्ग राज अध्यक्ष जीवन निर्मलकर, केसीजी जिला अध्यक्ष अशोक निर्मलकर, कबीरधाम जिला अध्यक्ष हिमलेश निर्मलकर, बिलासपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर, शक्ति जिला अध्यक्ष शिवनाथ बरेठ, मुंगेली जिला उपाध्यक्ष तिजऊ राम निर्मलकर, संत गाडगे सेवा समिति बिलासपुर अध्यक्ष डॉ लोमस बरेठ एवं विशिष्ट अतिथि बेमेतरा जिला अध्यक्ष अनिल रजक, महिला जिला अध्यक्ष कविता रजक, युवा जिला अध्यक्ष तारकेश्वर रजक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### गांव-गांव में योजनाओं का प्रचार

**बांधाबाजार।** सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय दक्कोटोला के कार्यकर्ता 15 ग्रामों में बैठक लेकर शासकीय योजनाओं का प्रचार कर रहे है। वह घर घर जाकर संपर्क अभियान चला रहे हैं ताकि कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहें। इस अभियान के सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का दावा पत्र, व्यक्तिगत वन अधिकार का दावा पत्र भरने की प्रक्रिया, आधार कार्ड बनवाने, लिंक कराने, आयुष्यमान कार्ड, किसान आईडी, जिला परिवर्तन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कुक्कुट, मछली पालन, छात्रवृति आदि से संबंधित सेवा दे रहे हैं। कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने बताया कि संस्था द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बंगलौर के तत्वावधान में यह लोक कल्याणकारी कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों को लेकर कार्य कर रही है।

---

रंग तेरस के अवसर पर बस स्टैंड नवागढ़ में मनाया गया होली मिलन समारोह

# होली के पारंपरिक फाग गीतों पर झूमे नगरवासी, एक दूसरे को लगाया गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

रंग तेरस के अवसर पर नवागढ़ के हृदय स्थल बस स्टैंड प्रांगण में नगरवासियों द्वारा परम्परानुसार होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और होली के पारंपरिक फाग गीत पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान ने माँ सरस्वती एवं नंगाड़ो का विधिवत पूजन कर किया। ततपश्चात उन्होंने शामिल सभी गणमान्य नागरिकों और युवाओं को गुलाल लगाकर रंगतेरस पर्व की शुभकामनाएँ दी।

आयोजन में सभी समाज के बंधु,राजनीतिक दलों के नेता एवं नगरवासी मौजूद थे। इस दौरान पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, बहोरन सिंह ठाकुर, रामनाथ ध्रुव, रामप्रसाद सिन्हा, विनोद मिश्रा, नंद गुप्ता, सुरेश निषाद,



गुनी रजक, पंचू यादव, तातु यादव, राजा गुप्ता, मंगल सिंहा, बलिराम सिंहा, लल्लू लोहार, कन्हैया भोई, चिंता ध्रुव, मुन्ना यादव, जित्ते रजक, दिनेश चौहान, तनु दीवान, भागवत सोनकर, रामकुमार निषाद, सूरज टोन्द्रे, राकेश यादव, राजेन्द्र यादव, शंकर सोनकर, राजेश निषाद, गणेश निषाद, राजा सोनकर सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

**मेरे साथ नगरवासियों का आशीर्वादः** नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धान्त चौहान ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी नगरवासी रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर एक हैं। नगर के तीज-त्योहार के साथ-साथ विकास करना प्राथमिकता है। जो भी विकास को अवरुद्ध करने में लगे हैं उनकी कोशिश नाकाम होगी। मेरे साथ नगर का एक-एक व्यक्ति का आशीर्वाद है।

### परम्परा, संस्कृति एवं त्योहारों को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी : विकास

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास दीवान ने कहा कि होली त्योहार की एक विशेष परंपरा यह भी है कि साल भर के गिले-शिकवे भुलाकर लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। हालांकि नई पीढ़ी धीरे-धीरे इस परंपरा से दूर होती जा रही है लेकिन हमारे नगरवासियों ने प्राचीन संस्कृति एवं तीज, त्योहारों को संरक्षित रखा गया। श्री दीवान ने कहा कि नवागढ़ नगर धर्म नगरी है। जहाँ हरेली, नवरात्र, दशहरा, महाशिवरात्रि, भोजली, चैत्र नवरात्र, जन्माष्टमी आदि त्यौहार को सभी नगरवासी मिलजुलकर महोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं और मनाते रहेंगे। यहाँ के आयोजन की चर्चा प्रदेश स्तर तक होती है, लोग दूर-दूर से शामिल होने आते हैं। हमें नगर की परंपराओं को एकजुटता एवं भव्यता से मनाना है। इन

---

## बाल विवाह रोकने की दिलाया शपथ



**छुरिया।** ग्राम मेटेपार में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना ईकाई 1 ने महिला जागृति शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने की। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। स्वागत के बाद श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने और अधिकार को लेकर जागृत करने के दिशा में काम कर रही है। दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह रोकने सहित बालिका शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाया गया। इस मौके पर हेमिन साहू, भानबाई मंडावी, रेखा गंधर्व, सुनीता सेवता, उभेराम मंडावी, नैनसिंह पटेल, उमेश सेवता, हेमा कंवर, कमलादेवी मरकाम, रंजिता कुंजाम, करुणा पटेल, पूनम वर्मा, यमुना साहू, नम्रता गुप्ता, भर्ती पोर्ते सहित अन्य मौजूद थे।

---

# कर्मियों को दिया सेवा का मंत्र और कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बुधवार को निकाय के अधिकारी कर्मचारियो की बैठक कर सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का निर्देश दियाा। उन्होंने आगाह किया कि काम ऐसा होना चाहिए कि उसमे पारदर्शिता और ईमानदारी नजर आए।

नगर पंचायत के सभागृह में दो घंटे चली बैठक में अध्यक्ष मानिकपुरी ने शाखा वार प्रमुखो से वन टू वन बात कर कार्यों की समीक्षा की। अध्यक्ष ने सीएमओ एवं उपयंत्री को निर्देश दिया कि पब्लिक सेक्टर से जुडे सभी कार्य एक सप्ताह के अंदर डिस्पोजल होना चाहिए। बेवजह काम रोकने, गलत आचरण करने तथा अनुचित मांग की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने सीएमओ को सभी कर्मचारियो के कार्यो की सतत मानिटरिंग करने और सभी शाखाओ का रूटिन में डेली अपडेट लेकर अवगत कराने के निर्देश दिया।



बैठक में अध्यक्ष ने जल, सफाई, प्रकाश, लोक निर्माण , राजस्व, लेखा शाखा, स्थापना शाखा के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, तिलक यादव, जलील रब्बानी, रामसाय पटेल, राजीव बारसागढे, सोफू जिलानी, दशरथ शर्मा, दीपक सलामे, रामकुमार देवांगन, लोकेश सलामे, पीर खान, मकबूल खान, चेतन साहू, सिद्धार्थ देवांगन सहित आदि उपस्थित थे।

---

कार्रवाई नहीं किए जाने से राजस्व विभाग की उदासीनता पर उठे सवाल

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से बढ़ रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया

शासन द्वारा शासकीय भूमि को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि अवैध कब्जों को रोका जा सके। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और आपसी मिलीभगत के चलते थान खम्हरिया क्षेत्र में शासकीय भूमि की अवैध खरीदी-बिक्री का खेल धड़ल्ले से जारी है। बेमेतरा जाने वाले मार्ग और साजा रोड खसरा नंबर 722 ,हल्का नम्बर 7 के साथ-साथ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। यहां तक कि बहते हुए नदी में मिट्टी डालकर भूमि तैयार की जा रही है, लेकिन राजस्व विभाग आंखें मूंदे बैठा है। तहसीलदार केआर वासनिक से इस संबंध में शिकायत की गई थी, लेकिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कार्रवाई में देरी होने बात कह रहे हैं।



**नगर पंचायत क्षेत्र में नजूल भूमि पर अवैध कब्जा :** नगर पंचायत थान खम्हरिया में पिछले 10-15 वर्षों से नजूल भूमि पर अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। भूमाफिया शासकीय भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे बेचने में जुटे हैं। पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर तक इस पूरे मामले से अवगत हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रशासन की निष्क्रियता के कारण भूमाफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

**ग्राम दर्री में भी अतिक्रमण का बोलबालाः** थान खम्हरिया के समीप स्थित ग्राम दर्री में भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों का सिलसिला जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, गोचर भूमि, तालाब, जल भराव क्षेत्र और नालियों पर अतिक्रमण कर कृषि एवं आवास निर्माण किया जा रहा है। इससे जलस्तर तेजी से गिर रहा है और पशुपालकों के लिए समस्या खड़ी हो रही है।

### गंभीर हो रही समस्या, तत्काल कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर स्थिति की जानकारी प्रशासन को दी है। बहरहाल शासकीय भूमि की इस अवैध बिक्री और कब्जे की रोकथाम आवश्यक है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में सरकारी योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता बाधित हो सकती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कितनी गंभीरता दिखाता है और भूमाफियाओं पर कब तक कार्रवाई होती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411